पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

दिसम्बर तक चलती रहेगी जबलपुर से अयोध्या के मध्य स्पेशल ट्रेन

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा ट्रेन की मांग पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने और यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में चल रही स्पेशल ट्रेनों कि अवधि को विस्तारित किया जा रहा है।
इसी कड़ी में यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे से संचालित **गाड़ी संख्या 01705/01706 जबलपुर–अयोध्या धाम जंक्शन–जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को 24-24 फेरे विस्तार** करने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित तिथि, ठहराव, समय-सारणी एवं कोच सरंचना के अनुसार ही चलेंगी।

जबलपुर–अयोध्या धाम जंक्शन–जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (24-24 ट्रिप)

ट्रेन संख्या 01705 जबलपुर–अयोध्या धाम जंक्शन साप्ताहिक (मंगलवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 14 जुलाई 2026 तक अधिसूचित थी, अब **दिनांक 21.07.2026 से 29.12.2026 तक** और चलती रहेगी। (24 सेवाएं)

ट्रेन संख्या 01706 अयोध्या धाम जंक्शन–जबलपुर साप्ताहिक (बुधवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 15 जुलाई 2026 तक अधिसूचित थी, अब **दिनांक 22.07.2026 से 30.12.2026 तक** और चलती रहेगी। (24 सेवाएं)

नोट :- रेलयात्री इस विस्तारित स्पेशल ट्रेन कि बुकिंग किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

रेल यात्री विस्तारित अवधि के स्पेशल ट्रेन की विस्तृत जानकारी रेलवे स्टेशन, रेल मदद 139 एवं रेलवे वेबसाइट ऑनलाइन से भी प्राप्त कर सकते हैं।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/110/प्रेस विज्ञप्ति/212/2026-27 दिनांक 01.07.2026

सम्माननीय संपादक,
कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदानकरें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर